इग्नू का दीक्षांत आज, रायपुर में आईआईएम के डायरेक्टर बांटेंगे डिग्री

सिटी रिपोर्टर | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 38वां दीक्षांत बुधवार को दिल्ली मुख्यालय में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा इस दीक्षांत समारोह में 3 लाख 13 हजार 770 शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। इससे संबंधित कार्यक्रम क्षेत्रीय केंद्र रायपुर, कचना में भी होगा। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बिजय कुमार साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र इग्नू कॉम्पलेक्स में होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. राम कुमार काकानी विद्यार्थियों को डिग्रियां और मेडल प्रदान करेंगे।

Dainik Bhaskar, 05 March, 2025, P.04.